<u>**भारतीय विमानपतन प्राधिकरण**</u>

<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

माननीय प्रधान मंत्री ने झारखंड में विभिन्न अवसंरचना और विकास परियोजनाओं के साथ देवघर हवाई अड्डे का उद्‌घाटन किया

नई दिल्ली, 12 जुलाई, 2022: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आज झारखंड के देवघर में हवाई अड्डे का उद्‌घाटन किया । देवघर सम्पूर्ण देश से आने वाले भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। हवाई अड्डे का उद्‌घाटन श्री रमेश बैंस, राज्यपाल, झारखंड, श्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड, श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री की गरिमामयी उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, श्री बादल पत्रलेख, मंत्री, झारखंड सरकार, हाफिजुल हसन, मंत्री, झारखंड सरकार और सांसद श्री निशिकांत दुबे भी उपस्थित थे।

प्रधान मंत्री ने 16,800 करोड़ रुपये से अधिक की कई अवसंरचना और विकास संबंधी परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी किया जिसमें 13 परियोजनाओं का उद्‌घाटन और सम्पूर्ण झारखंड में रेल, सड़क, नागर विमानन, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, पर्यटन और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण की 12 परियोजनाओं की आधारशिला रखना शामिल है।

बाबा बैद्‌यनाथ धाम, जो करोड़ों भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र है, को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रधान मंत्री ने देवघर हवाई अड्डे का उद्‌घाटन किया। 654 एकड़ के क्षेत्र में फैले हवाई अड्डे को देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और झारखंड सरकार की एक संयुक्त उद्यम कंपनी) द्‌वारा रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के सहयोग से 400 करोड़ की अनुमानित लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन व्यस्त समय के दौरान 300 यात्रियों को संभालने के लिए सक्षम है और इसकी वार्षिक क्षमता पांच लाख यात्रियों को संभालने की है। 2500 मीटर लंबे रनवे के साथ हवाई अड्डा एयरबस 321/बी-737 प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए उपयुक्त है।

नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस देश की संस्कृति अतिथि देवो भव की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बाबा बैद्‌यनाथ धाम जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए सीधी संपर्क सुविधा सुनिश्चित की गई है।

उपस्थित लोगों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'झारखंड हवाई अड्डे की इस नई संपर्क सुविधा से स्वास्थ्य, विश्वास, पर्यटन को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे न केवल लाखों लोगों का जीवन आसान होगा बल्कि क्षेत्र में व्यापार, स्वरोजगार और पर्यटन के अनेक अवसर भी पैदा होंगे।

देवघर हवाई अड्डे के टर्मिनल को झारखंड राज्य की संस्कृति और विरासत को एकीकृत करते हुए तैयार किया गया है। टर्मिनल के गृहमुख को बाबा बैद्‌यनाथ धाम के 'शिखरों' और कालातीत बरगद के पेड़ की जड़ों से प्रेरित अनुकल्पों से सजाया गया है। भवन के आंतरिक हिस्सों को स्थानीय कला जैसे सोहरी, खोवसा और संथाली चित्रों से सजाया गया है।

हवाई अड्डा वर्षा जल संचयन, सीवेज शोधन संयंत्र, सौर ऊर्जा प्रणाली और ऊर्जा दक्ष फिक्स्चर जैसी विभिन्न सस्टेनिबिलिटी सुविधाओं से भी सुसज्जित है। पहले चरण में, 380 के डबल्यू पी की क्षमता वाला सौर ऊर्जा संयंत्र चालू किया गया है और 600 के डबल्यू पी की और क्षमता वृद्धि के लिए कार्य प्रगति पर है। 600 के डबल्यू पी के सौर ऊर्जा संयंत्र के चालू होने के बाद यह हवाई अड्डा हरित ऊर्जा से चलेगा।

माननीय प्रधानमंत्री जी के सफल नेतृत्व में देश लगातार मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के साथ विकास और अवसंरचना की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। झारखंड सहित पूर्वी भारत के राज्य प्रधानमंत्री के 'पूर्वोदय से भारत उदय' के विजन के साथ देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भागीदार हैं।

देवघर में हवाई अड्डे का प्रचालन हो जाने से पूरे विश्व से आने वाले तीर्थयात्री और पर्यटक बाबा बैद्यनाथ धाम के साथ-साथ क्षेत्र में स्थित अन्य पर्यटन स्थलों की यात्रा कम समय में आसानी से कर सकेंगे। इस हवाई अड्डे से दुमका, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, धनबाद और हजारीबाग जैसे आसपास के कई जिलों में 20 मिलियन से अधिक की आबादी को सुविधाएं प्राप्त होंगी और उत्तर-पश्चिम बंगाल और बांका, भागलपुर, जमुई और मुंगेर जैसे दक्षिण-पूर्वी बिहार के जिलों के लिए आसान कनेक्टिविटी की सुविधा भी सुलभ होगी । यह हवाई अड्डा न केवल राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देगा और निवेश के नए अवसर पैदा करेगा बल्कि खनिज संपदा से भरपूर इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को भी गति प्रदान करेगा।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 15/2022-23